tnkalvi.online

No. of Printed Pages : **6**

6006

Register Number

Language — Part I — HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours] [Maximum Marks : 90

सूचना : (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

भाग - I/PART - I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर लिखिए। **14x1=14**

Choose the **correct** answer.

1. कबीरदास _____ काल के कवि थे।

(क) भक्तिकाल (ख) आधुनिक काल (ग) रीतिकाल

2. सूरदास की कृतियों में प्रसिद्ध कृति _____ है।

(क) बरवै (ख) पदावली (ग) सूरसागर

3. रामनरेश त्रिपाठी _____ कवि थे।

(क) छायावाद (ख) रहस्यवाद (ग) प्रगतिवाद

4. झाँसी की रानी का जन्म _____ में हुआ।

(क) 1917 (ख) 1905 (ग) 1909

5. हिंसा का पहला चरण क्या है?

(क) घृणा करना (ख) दया दिखाना (ग) प्यार करना

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

6. रामचंद्र शुक्लजी का महाकाव्य _____ है।

(क) त्रिधारा (ख) चिंतामणी (ग) स्वप्न

7. रामनाथ सुमन का जन्म कहाँ हुआ?

(क) प्रयाग (ख) दिल्ली (ग) वाराणसी

8. ''यातना'' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) कष्ट (ख) विनाश (ग) संतुष्ट

9. ''उसने कहा था'' कहानी के कहानीकार :

(क) सुदर्शन (ख) गुलेरी (ग) प्रेमचंद

10. पोस्टमास्टर के बीमार पड़ने पर _____ ने उसकी सेवा की।

(क) रमा (ख) रतन (ग) कमल

11. अलंकार मुख्यत: _____ भागों में विभाजित है।

(क) 4 (ख) 8 (ग) 2

12. यमक _____ अलंकार है।

(क) अर्थालंकार (ख) उभयालंकार (ग) शब्दालंकार

13. अध्यक्ष शब्द का अंग्रेजी रूप _____।

(क) Chairman (ख) President (ग) Principal

14. शुद्ध कीजिए :

वह आए तो गा

(क) वह तो आएगा (ख) वह आया (ग) उसने आएगा

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

भाग - II/PART - II

अनुभाग - 1/SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x2=6**

Answer **any three** of the following.

15. पत्थर पर तीर चलाने का नतीजा क्या होता है?

16. भारत के अतुलनीय प्रताप, कीर्ति और वैभव के साक्षी कौन-कौन हैं?

17. भारत भूमि क्यों स्वर्ग तुल्य है?

18. अंग्रेज भारत में किस रूप में आये थे?

अनुभाग - 2/SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x2=4**

Answer **any two** of the following.

19. युद्ध कब होता है?

20. 'मित्रता' निबंध से क्या सीख मिली?

21. वल्लभभाई पटेल पाठ के लेखक का नाम क्या है?

अनुभाग - 3/SECTION - 3

निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **7x2=14**

Answer **any seven** of the following.

22. शुद्ध कीजिए :

(अ) गोपाल गाना गाया।

(आ) आप कहे थे।

23. अर्थालंकार माने क्या है?

24. अंग्रेजी रूप लिखिए।

(अ) परिपत्र (आ) जमा खाता (इ) वित्त मंत्रालय (ई) नकद प्राप्त

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

25. हिंदी रूप लिखिए।

(अ) Cash Officer (आ) Law Department

(इ) Ministry of Railways (ई) Cash Paid

26. पद परिचय दीजिए।

शेर जंगल में रहता है।

27. पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(अ) शिक्षक (आ) विद्यार्थी

28. हजार सिंह और बोध सिंह कौन थे?

29. सहना हल्कू के घर क्यों आया था?

30. पोस्टमास्टर इस्तीफा देकर कहाँ जाना चाहते थे?

भाग - III/PART - III

अनुभाग - 1/SECTION - 1

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following questions.

31. कबीरदास के अनुसार ''क्षमा'' एक महान गुण है - स्पष्ट कीजिए।

32. गधा, कुत्ता, कौआ आदि के उदाहरण के द्वारा सुरदास क्या उपदेश देना चाहते हैं?

33. दया चाहनेवाले अंग्रेज निर्दयी कब बने?

34. ''हिमालय'' कविता के कवि कौन हैं?

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

अनुभाग - 2/SECTION - 2

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x4=8**

Answer **any two** of the following.

35. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

बुरी बातें हमारी धारणा में बहुत दिनों तक टिकती हैं।

36. कौन-सा ज्वर सबसे भयानक होता है?

37. वल्लभभाई कब बहुत खुश होते थे?

38. चीनी फेरीवाले की करुणा कथा का वर्णन कीजिए।

अनुभाग - 3/SECTION - 3

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x4=12**

Answer **any three** of the following.

39. **सही** जोड़कर लिखिए।

(क) स्वतंत्रता का मूल	-	रवींद्रनाथ ठाकुर
(ख) झाँसी की रानी	-	आचार्य श्री तुलसी
(ग) पोस्टमास्टर	-	चंद्रशर्मा गुलेरी
(घ) उसने कहा था	-	सुभद्रा कुमारी चौहान

40. अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(अ) सिहर उठना (आ) साहस दिखाना

41. शिक्षा प्राप्ति के लिए ऋण हेतु किसी एक बैंक के नाम पर प्रार्थना पत्र लिखिए।

42. दृष्टांत अलंकार **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार उदाहरण सहित समझाइए।

43. पद परिचय कीजिए।

(अ) मैंने मोहन को बुलाया।

(आ) मेरी छोटी बहिन अभी स्कूल से आयी है।

[Turn over

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share

tnkalvi.online

भाग - IV/PART - IV

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **विस्तार** से लिखिए। **3x6=18**

Answer the following in **detail**.

44. (अ) स्वतंत्रता के विघटन का कारण बताइए।

अथवा

(आ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

इस संसार में धन ही सब कुछ नहीं है। धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती है। संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूँढ़-ढूँढ़कर सामने रखिए तो आपको विदित हो जाएगा कि हम जिनकी उपासना करते हैं, जिनके लिए स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं, उन्होंने रुपये कमाने में अपना समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्होंने कुछ ऐसे काम किये थे, जिनकी महत्व को हम रुपये से अधिक मूल्यवान समझते हैं। जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना रहा है, उनकी प्रतिष्ठा कम हुई है।

प्रश्न :

(अ) कैसे कह सकते हैं कि संसार में धन की पूजा सब जगह नहीं होती?

(आ) संसार के महान लोग किसलिए पूजे जाते हैं?

(इ) किनकी प्रतिष्ठा कम हुई है?

(ई) उचित शीर्षक लिखिए।

45. (अ) झाँसी की रानी कविता का सारांश लिखिए।

अथवा

(आ) पूस की रात कहानी का सारांश लिखिए।

46. (अ) सूरदास अवगुणों को पवित्र मानने के लिए कौन-सा उदाहरण देते हैं?

अथवा

(आ) मित्र के कर्त्तव्य और लक्षणों पर शुक्लजी का विचार क्या था?

भाग - V/PART - V

कंठस्थ भाग : **(अनिवार्य प्रश्न)** **1x6=6**

Quote from memory : **(Compulsory)**

47. कबीरदास के किन्हीं तीन दोहे पाठ्यक्रमानुसार लिखिए।

- o 0 o -

TN Kalvi Online · tnkalvi.online/question-papers/class-11-hindi-public-may-2022 · Source: DGE TN
Share your study materials with us: tnkalvi.online/share